Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi
MERRY CHRISTMAS

SHARE

सेंसेक्स	:	78,472.87
निफ्टी	:	23,727.65

SARAFA

सोना	:	7,270
चांदी	:	99.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

5 राज्यों के बदले गवर्नर रघुवर दास ने दिया इस्तीफा

NEW DELHI : मंगलवार की देर शाम में केंद्र सरकार ने पांच राज्यों के गवर्नर बदल दिए। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार भेजा गया है। बिहार के राज्यपाल विश्वनाथ अर्लेकर को केरल भेजा गया है। इसके अलावा पूर्व सेनाध्यक्ष वीके सिंह मिजोरम के नए गवर्नर होंगे। मणिपुर में पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और ओडिशा में डॉक्टर हरिबाबू कंभपति को नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है।

खाई में गिरा सेना का ट्रक 5 जवानों की मौत, 5 घायल

NEW DELHI : मंगलवार की शाम जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर 300 फुट गहरी खाई में गिर गया, जिससे पांच सैनिकों की मौत हो गई। पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों को इलाज के लिए सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना घरोआ इलाके में उस समय हुई, जब सेना का वाहन जिले के बनलोई जा रहा था।

श्रीलंका ने भारत के 17 मछुआरों को किया अरेस्ट

CHENNAI : मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्र सरकार को सूचित किया कि श्रीलंका ने रामेश्वरम के 17 मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाएं जब्त कर ली हैं। उन्होंने केंद्र से इन मछुआरों को रिहा कराने और उनकी नौकाओं को छुड़ाने के लिए त्वरित कदम उठाने का आह्वान किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखे पत्र में स्टालिन ने कहा कि श्रीलंकाई नौसेना ने 24 दिसंबर 2024 को रामेश्वरम के 17 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी दो मशीनीकृत नौकाएं जब्त कर ली।

कल 17 बच्चों को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति

NEW DELHI : 26 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, मंत्रालय वीर बाल दिवस पर भारतीय बच्चों की क्षमताओं और उपलब्धियों को रेखांकित करने वाली देशव्यापी गतिविधियों का आयोजन करेगा और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित करेगा। यह पुरस्कार सात श्रेणियों– कला एवं संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण–में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को रेखांकित करता है। पुरस्कार पाने वालों में साथ लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं।

फादर कामिल बुल्के पथ से चर्च रोड और कोकर से कांके तक रहा उल्लास का माहौल
मसीही समुदाय के हजारों लोग शाम से ही आधी रात की बेसब्री से कर रहे थे प्रतीक्षा

प्रभु यीशु का हुआ जन्म, गूंजा जिंगल बेल, जिंगल बेल...

फोटो : समीर

आर्चबिशप का संदेश : आपस में शांति, सद्भाव और एकता के साथ रहें सभी लोग

रांची धर्म प्रांत के आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने क्रिसमस के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि साल 2025 सबके लिए उन्नति का द्वार खोलेगा। सभी लोग आपस में शांति, सद्भाव और एकता के साथ रहें। प्रभु यीशु का जन्म प्यार और खुशियां लेकर आता है। परमेश्वर की योजना में मानव जीवन सर्वोत्तम है। क्रिसमस प्रेम और शांति का संदेश बांटने का समय होता है। मुक्तिदाता का आगमन जीवन के लिए आत्मिक है। धरती पर यीशु के आगमन के पीछे विशेष योजना रही। 12 साल की आयु में ही यीशु को पता था कि उनका जन्म क्यों हुआ है। इसके बाद उन्होंने अपना सारा जीवन मनुष्य के जीवन को संवारने और प्रेम से भरने में लगा दिया। यीशु का आगमन हर विश्वासी के मन चमन में अमन और प्रेम के सुमन खिलाने का आधार है।

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को राजधानी रांची के फादर कामिल बुल्के पथ से लेकर चर्च रोड और कोकर से लेकर कांके तक उल्लास क माहौल रहा। फादर कामिल बुल्के पथ शाम से ही गुलजार हो गया था। मसीही समुदाय के हजारों लोग आधी रात की बेसब्री से प्रतीक्षा करते हुए दिखे। महागिरजाघर से लेकर जीईएल चर्च तक सजे हुए थे। बिशप हाउस में भी एक अलग ही उल्लास था। घरों में भी चरनी सजाई गई। मध्य रात जैसे ही घड़ी की सुई 12 पर पहुंची, प्रभु यीशु ने जन्म लिया और गिरजाघरों में घंटे बजने लगे। जिंगल बेल-जिंगल बेल की गूंज शुरू हो ई। इधर, आधी रात में कैथोलिक चर्च में मिस्सा धर्म विधि आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने पूरी कराई। हर चेहरे पर एक असीम शांति और सुकून नजर आ रहा था। लोग प्रभु को चूम रहे थे। गीतों से वातावरण उल्लसित हो

रात में जैसे ही घड़ी की सुई 12 पर पहुंची, गिरजाघरों में बजने लगीं घंटियां | **आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने पूरी कराई चर्च में मिस्सा धर्म विधि**

रहा था...आज एक बालक जन्मा है, जो संसार का राजा है, ग्लोरिया-ग्लोरिया...। कई क्रिसमस आधारित कैरोल के साथ क्रिसमस पर्व का आगाज हुआ। शाम से कैरोल सर्विस के साथ क्रिसमस पूर्व धार्मिक विधि पूरी की गई, जो पुण्य रात की विशेष मिस्सा व आराधना तक चली। क्रिसमस को लेकर रांची के सभी चर्चों में आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। चर्च के अंदर-बाहर की सजावट देखते बनती थी। कहीं-कहीं दो फीट से लेकर छह फीट के क्रिसमस ट्री लगाए गए थे। कहीं यीशु मसीह के जन्म की झांकी को चरनी के माध्यम से प्रदर्शित की गई थी। क्रिसमस को लेकर सभी ईसाई बहुल मोहल्ले सजे हुए थे। घर के अंदर-बाहर यह सजावट दिख रही थी। ईसाई समुदाय नागपुरी, हिंदी व अंग्रेजी में क्रिसमस आधारित गीत गा रहे थे, बजा रहे थे। धुनों पर थिरक भी रहे थे। यीशु मोकें ना छोड़ब...यीशु मोर दिल के भीतरे...आत्मा में रे प्यार भरी दे...जब आवी यीशु मसीह....। तरह-तरह गीत गूंजने लगे थे। शाम से लेकर आधी रात तक

प्रोजेक्ट भवन में सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मीटिंग

राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों का 3% बढ़ा डीए, कैबिनेट की लगी मुहर

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की हुई बैठक में 10 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) 3 प्रतिशत बढ़ाने पर मंजूरी दी गई। इसके अलावा राज्य कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसमें पेंशनधारियों को भी महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति दी गई है। पेंशनधारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। कैबिनेट ने एजी की रिपोर्ट को विधानसभा में रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

राज्य की वित्तीय स्थिति और गतिविधियों की पारदर्शिता होगी सुनिश्चित

- बढ़ा डीए 1 जुलाई 2024 से लागू होगा। ऐसे में 5 से 6 महीने का बकाया भुगतान भी किया जाएगा। पहले डीए 50% मिलता था अब 53% मिलेगा।
- खान विभाग के 11 अफसरों को एक बार की व्यवस्था के साथ मिलेगी सेवा संपुष्टि।
- सीएजी के 2023-24 की वित्त लेखा रिपोर्ट को विधानसभा में रखने की मंजूरी दी गई।

इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- छठी झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में राज्यपाल द्वारा दिए गए अभिभाषण पर मंत्रिपरिषद की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पीएबी की बैठक में मेरू के अंतर्गत स्वीकृत योजना विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के लिए 99,56,10,604 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- हाईकोर्ट में दायर याचिका पर आदेश के अनुपालन में डॉ. तुलसी महतो, तत्कालीन प्राध्यापक, एफएमटी विभाग, रिम्स, रांची को प्रोन्नति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

चुनाव नियमों में बदलाव को कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती, याचिका दाखिल

केंद्र सरकार ने पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक करने से किया है इनकार

इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए हुआ था बदलाव

AGENCY NEW DELHI : मंगलवार को कांग्रेस ने चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस नियम बदलाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। बता दें कि केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था। याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को रमेश ने कहा था- चुनाव आयोग पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जाएगी।

- जयराम रमेश ने कहा- चुनाव संचालन नियम 1961 में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती
- चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज 'नियमानुसार' पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का फैसले बना कारण

अधिकारियों ने बताया था कि पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। इसी कारण इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पब्लिक करने पर रोक लगाई गई है। हालांकि बदलाव के बाद भी ये रिकाड्र्स कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। दरअसल, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े दस्तावेज याचिकाकर्ता से साझा करने का निर्देश दिया था। इसमें सीसीटीवी फुटेज को भी नियम 93(2) के तहत माना गया था। हालांकि चुनाव आयोग ने कहा था कि इस नियम में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड शामिल नहीं है। इस अस्पष्टता को दूर करने के लिए नियम में बदलाव किया गया है। इलेक्शन कमीशन (इसी) ने बताया कि नामांकन फॉर्म, चुनाव एजेंटों की नियुक्ति, चुनाव रिजल्ट और इलेक्शन अकाउंट स्टेटमेंट जैसे दस्तावेजों का उल्लेख कंडक्ट आफ इलेक्शन रूल में किया गया है। आचार संहिता के दौरान उम्मीदवारों के सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते हैं।

मंईयां सम्मान योजना : 2500 रुपये ट्रांसफर करने की खुद दी जानकारी

56 लाख महिलाओं को हेमंत देंगे न्यू ईयर गिफ्ट

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की 56 लाख महिलाओं को न्यू ईयर का बड़ा गिफ्ट देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने खुद उनके खातों में ₹2500 ट्रांसफर करने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास में अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग करने के बाद 24 दिसंबर को अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर सीएम ने ट्वीट किया और स्पष्ट कर दिया कि 28 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के खाते में 2500 रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे।

28 दिसंबर को राशि भेजे जाने की मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर की पुष्टि

सीएम ने की कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा



मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि लाभुकों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। हेमंत सोरेन ने 'एक्स' पर लिखा, आवास में 28 दिसंबर को होने वाले ऐतिहासिक झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारियों, राजस्व संग्रहण और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग से जुड़े विषयों पर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल हुआ। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया कि मंईयां सम्मान योजना की बढ़ी हुई किस्त 28 दिसंबर को महिलाओं के अकाउंट में आ जाएंगे।

लाखों महिलाओं के बैठने का किया जा रहा इंतजाम

नामकुम में होने वाले कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों से 3 लाख से अधिक लाभुकों के शामिल होने की उम्मीद है। ग्राउंड में मुख्य मंच के साथ-साथ लाभुकों के बैठने के लिए भी ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। मुख्य मंच के आसपास की सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद रहेगी। जगह-जगह बैरिकेडिंग की जा रही है। सड़कों पर आवागमन प्रभावित न हो, इसका भी ध्यान रखने के लिए अधिकारियों को कहा गया है।

ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर को मिल सकता है खेल रत्न

NEW DELHI : पेरिस ओलिंपिक में 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर को सरकार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड दे सकती है। खेल पुरस्कारों के लिए शॉर्ट लिस्ट किए गए खिलाड़ियों में मनु भाकर का नाम नहीं था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेशनल राइफल एसोसिएशन आफ इंडिया (एनआरएआई) ने मनु भाकर का नाम खेल रत्न के लिए नहीं भेजा था, लेकिन इस पर विवाद के बाद अब एसोसिएशन नॉमिनेशन के लिए खुद खेल मंत्रालय के पास पहुंचा है। खेल मंत्रालय भी अब खुद मनु के नॉमिनेशन की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय आर्टिकल 5.1 और 5.2 के तहत मनु को नॉमिनेट कर सकता है। नियम में कहा गया है कि अगर खिलाड़ी खेल रत्न के लिए दी गई गाइडलाइंस को पूरा करता हो तो वो खुद ही अपना नाम अवॉर्ड के लिए भेज सकता है। इसके अलावा मंत्रालय के पास भी ऐसे 2 नाम भेजने के अधिकार होते हैं। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा- 'अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक हफ्ते में पुरस्कारों का खुलासा हो सकता है। खेल मंत्री एक या दो दिन में इस पर फैसला लेंगे।

- खेल मंत्रालय खुद नॉमिनेट करने की तैयारी में राइफल एसोसिएशन की गलती से हुआ विवाद

चिंताजनक रबी फसलों की बुवाई के साथ कई राज्यों में गिरा भू-जल का स्तर

बारिश की कमी ने किसानी के लिए पैदा किया संकट

AGENCY NEW DELHI : प्रकृति के निर्धारित नियमों के अनुसार मौसमों का आना-जाना होता है। इसका प्रभाव सभी जीवो पर पड़ता है। वर्षा ऋतु में अपेक्षित बारिश का होना खेती और किसानी के लिए जरूरी है। अगर अपेक्षित बारिश नहीं होती है, तो यह न केवल किसानों के लिए बड़ा संकट है, बल्कि यह पेयजल के लिए भी बड़ी समस्या है, क्योंकि इससे भूमि में जलस्तर घट जाता है। भूमि में जलस्तर घटने से धरती पर अपेक्षित पानी नहीं मिल पाता है। इससे खेती के लिए जरूरी पानी संकट के रूप में सामने खड़ा हो जाता है। फसलों का उत्पादन प्रभावित होने पर पूरा सिस्टम असंतुलित होने लगता है। प्राकृतिक रूप से यह देखा जा रहा है कि रबी फसलों की बुवाई और इसके बाद धरती में पानी का जलस्तर घट गया है। विस्तृत आकलन करने के बाद कृषि मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, रबी फसलों की बुवाई के साथ ही जिन क्षेत्रों में कम बारिश हुई है, वहां भू-जल का स्तर गिरने लगा है। अब तक 558 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बुवाई हो चुकी है।

यूपी, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में तेजी से कम हो रहा वाटर लेवल
वर्षा कम होने के कारण किसानों ने बुवाई के लिए भारी मात्रा में भू-जल का किया उपयोग

- स्थिति का आकलन कर केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने जारी की विस्तृत जानकारी
- देश में अब तक 558 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हो चुकी है बुवाई
- पिछले सीजन की समान अवधि में 556.67 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई थी बुवाई
- मध्य प्रदेश में 15 और झारखंड में सामान्य से 13% कम हुई है बारिश

देश के लगभग 90 फीसद भू-जल का कृषि के लिए किया जाता है उपयोग

यूपी में 14, असम में 13 फीसद कम वर्षा

देश के तकरीबन 90 फीसदी भू-जल का कृषि के लिए उपयोग किया जाता है। 2022 के सरकारी आकलन के अनुसार, जल संसाधनों के अस्थिर उपयोग के कारण ब्रेडबास्केट राज्यों- पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भू-जल निष्कर्षण की दर 100 फीसद से अधिक है। पिछले मानसून के दौरान उत्तर प्रदेश में 14 फीसद बारिश की कमी, जबकि असम में यह कमी 13 फीसदी दर्ज की गई थी।

चने की बुवाई में इजाफा

पानी की कमी को देखते हुए चने की बुवाई में इजाफा देखने को मिला है। इस बार अब तक 86 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में चने की बुवाई हो चुकी है, जबकि पिछली सीजन में यह क्षेत्रफल 84.42 लाख हेक्टेयर रिकॉर्ड किया गया था। दूसरी तरफ मसूर की 2023-24 में 16.29 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई हुई थी। इस बार अब तक 16.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हो चुकी है। मसूर, मटर, कुल्थी, उड़द, मूंग और लतरी की बुवाई के मामले में अभी किसान पिछड़े हुए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभागकी मानें, तो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष समान अवधि में गेहूं की बुवाई में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अब तक देश में 293.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई का काम पूरा हो चुका है।

वर्तमान में यहां 158 अधिकारी ही कार्यरत

नए साल में झारखंड को मिलेंगे 15 आईएएस अफसर

PHOTON NEWS RANCHI : साल 2025 में झारखंड को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मिलने जा रहे हैं। इनमें झारखंड प्रशासनिक सेवा (जेएएस) के 9 और गैर प्रशासनिक सेवा के 6 अफसरों को आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति दी जानी है। इसके बाद आईएएस अफसरों की संख्या 173 हो जाएगी। वर्तमान में झारखंड में 158 अफसर ही कार्यरत हैं, जबकि पदों की स्वीकृत संख्या 224 है। इस बार झारखंड प्रशासनिक सेवा से नौ अफसरों को आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलेगी। इनमें से सात अफसरों ने अपना एनओसी दे दिया है। जानकारी के अनुसार, जिन अफसरों को आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति दी जानी है, उनमें सुधीर

- जेएएस के 9 और गैर प्रशासनिक सेवा के 6 अधिकारियों को मिल रहा प्रमोशन
- इसके बाद राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की संख्या हो जाएगी 173

BRIEF NEWS

धनबाद की अनंदिता का अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप में चयन

DHANBAD : मलेशिया में 18 जनवरी से शुरू हो रहे आइसीसी अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप 2025 के लिए मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई। इसमें धनबाद की अनंदिता किशोर को भी जगह मिली है। निक्की प्रसाद की कप्तानी में अनंदिता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलती नजर आएंगी। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी 2025 से दो फरवरी 2025 तक मलेशिया में खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेनेवाली अनंदिता धनबाद की पहली महिला खिलाड़ी बन गई। रेलवे के काट्रिक्टर मनीष सिंह की बेटी अनंदिता का चयन पिछले दिनों बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस में किया गया था।

भारतीय टीम में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। खुशी बयां नहीं कर सकती। परिवार का हर सदस्य खुश है। टूर्नामेंट में बढ़िया प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करना है। यहां तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। - अनंदिता किशोर

चौकीदार नियुक्ति के लिए मांगे जा रहे पैसे

HAZARIBAG : ज़िला में चौकीदार पदों पर बहाली की प्रक्रिया जारी है। ज़िला प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है, जिसमें चौकीदार पदों पर नियुक्ति के लिए पैसों की मांग की जा रही है। ज़िला प्रशासन ने सभी से अपील की कि ऐसे किसी भी प्रकार की मांग पर ध्यान न दें तथा इस प्रकार की सूचना ज़िला नियंत्रण कक्ष (06546-264159/8002529349) को दें।

फसल बीमा कराएं, सुरक्षा कवच पाएं

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय द्वारा जिला के किसानों से बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए 31 दिसंबर तक नामांकन करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि फसलों के नुकसान की स्थिति में किसानों की आर्थिक भरपाई को लेकर रबी मौसम- वर्ष 2024-25 के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने में सात दिन बच गए हैं। जिला के वैसे किसान जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे जिला सहकारिता पदाधिकारी का कार्यालय और प्रखंड कार्यालय या कृषि रक्षक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा https://pmfby.gov.in/farmer पर पूरी जानकारी देख सकते हैं।

पांच वर्ष से अधिक पुराने मामले निपटाएं : एसपी

HAZARIBAG : अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने मंगलवार को सभी थाना प्रभारियों व पुलिस पदाधिकारियों की बैठक की, जिसमें उन्हें पांच वर्ष से अधिक पुराने मामले अविलंब निष्पादित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती, सिविल कोर्ट की सुरक्षा की नियमित रूप से समीक्षा करने, अवैध पोस्ता व अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने, महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों को 60 दिनों के भीतर निष्पादन करने, नशाखोरी के पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह, विभिन्न सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए-एनएसए लगाने, सरकारी जमीन से संबंधित मामले, अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश दिया।

शिरडी साईं मंडल के शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रह

CHAKRADHARPUR : श्री शिरडी साईं भक्त मंडल द्वारा मंगलवार को 24वां रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 100 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। परम श्रद्धेय गुरु जी चंद्र भानु सतपति के जन्मदिवस पर श्री शीतला मंदिर दुर्गा पूजा समिति के सहयोग और त्रिवेणी इंजीकॉन प्रा. लि. जमशेदपुर के सौजन्य से यह शिविर चक्रधरपुर की तम्बाकू पट्टी में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक सुखराम उरांव ने किया। इस मौके पर उद्यमी आदर्श दोदराजका, भाजपा नेता अशोक षाड़ंगी, दिनेश जाना, समरेश सिंह उर्फ गुड्डू ,राजेश गुप्ता सुरेश साव, संजय पासवान,अनूप दुबे, डिक्की राव, बिनोद भगेरिया आदि मौजूद थे।

प्रवीण तोगड़िया को सम्मानित करेंगे धर्मचंद्र पोद्दार

JAMSHEDPUR : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक व अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया वीर सावरकर फाउंडेशन द्वारा 28 दिसंबर को क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा अवार्ड से सम्मानित किए जाएंगे। यह सम्मान जमशेदपुर निवासी फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धर्मचंद्र पोद्दार प्रदान करेंगे। पोद्दार ने बताया कि समारोह कटक में होगा।

प्रेम-प्रसंग व लेन-देन के विवाद में की गई थी नर्तकी की हत्या

डांसर को मारने के लिए बिहार के शूटर को दी गई थी सुपारी, चार आरोपी गिरफ्तार

PHOTON NEWS MEDININAGAR : जपला की नर्तकी पूजा कुमारी उर्फ सावित्री (25) की हत्या प्रेम-प्रसंग व लेन-देन के विवाद में हुई थी। उसके प्रेमी संदीप कुमार ने उसकी हत्या के लिए बिहार के शूटर को 60 हजार रुपये की सुपारी दी थी।

पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि नर्तकी पूजा कुमारी उर्फ सावित्री का छतरपुर थाना के करमा चराई गांव निवासी संदीप सिंह (30) के साथ प्रेम-प्रसंग था। प्रेम-प्रसंग व लेन-देन को लेकर संदीप का पूजा से विवाद हो गया था। उसने पूजा को अपने रास्ते से हटाने के लिए बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत बारुन थाना के हबसपुर गांव के अपने रिश्तेदार शुभम सिंह (19) से संपर्क किया। शुभम सिंह ने बारुन थाना के टेंगरा गांव के पप्पू शर्मा से संपर्क किया। पप्पू शर्मा पर औरंगाबाद जिला के बारुन, ओबरा, नवीनगर, मदनपुर आदि थाना में चोरी, मारपीट, रंगदारी,आर्म्स एक्ट आदि मामले में केस दर्ज हैं। पप्पू शर्मा की सहमति के बाद शुभम के साथ संदीप मिला। संदीप के साथ उसका दोस्त करमा चराई का रवि विश्वकर्मा था। पप्पू शर्मा ने 60 हजार रुपये में पूजा को मारने की सुपारी ली। उसके बाद 22 दिसंबर को रवि विश्वकर्मा के साथ बाइक से पप्पू शर्मा जपला के नर्तकी मोहल्ला पहुंचा। रवि के नर्तकी पूजा की पहचान कराने के बाद पप्पू शर्मा ने गोली मारी। उसके बाद बाइक से छतरपुर की ओर भाग निकले। छतरपुर में बाइक को खड़ी कर कार से बिहार की ओर निकले, लेकिन हरिहरगंज में पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। उसकी शिनाख्त पर बारुन थाना की पुलिस के सहयोग से हबसपुर गांव से शुभम सिंह व छतरपुर थाना क्षेत्र के करमा चराई से संदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनलोगों की निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त टीवीएस राइडर बाइक, टाटा पंच कार, सुपारी में लिए गए 10 हजार रुपये, एक आइफोन, दो एंड्रायड मोबाइल, एक की-पैड मोबाइल, एक देसी कट्टा व खोखा समेत कागजात बरामद किया है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन ● फोटोन न्यूज

छापेमारी अभियान में हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मो. याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव समेत विभिन्न थाना के जवान शामिल थे।

करंट की चपेट में आकर एक की मौत

GIRIDIH : जिले के गांडेय थाना क्षेत्र की चंपापुर के मंडरडीह गांव स्थित मैदान में मंगलवार को बिजली पोल के नीचे एक युवक का शव ग्रामीणों ने पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांडेय थाना की पुलिस को दी। मृत युवक की पहचान बेंगाबाद थाना क्षेत्र के परसाटांड़ गांव निवासी अनिल मरांडी (23) के रूप में हुई। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि अनिल ने बिजली के खंभे में चढ़कर 11 हजार के तार को हाथ में पकड़ लिया, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अनिल मरांडी अपनी पत्नी अनिता मरांडी के साथ दो दिन पूर्व अपने मामा ससुर मनु मरांडी के घर ईरचिट्टा गया था। जहां से अनिल अचानक गायब हो गया। उसके मामा ससुराल के लोगों ने उसकी काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में अनिल के मामा ससुराल के लोगों ने उसके घर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के परसाटांड़ गांव में सूचना दी। इस दौरान परिजन चंपापुर, मंडरडीह, ईरचिट्टा सहित आसपास के गांवों में उसकी काफी तलाश किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। तब परिजनों ने सोशल मीडिया में अनिल के लापता होने की सूचना शेयर कर आम लोगों से उसकी खोजबीन की गुहार लगाई थी। इस बीच घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंची गांडेय थाना की पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।

पेपरलेस होगा मेडिकल कॉलेज और सदर अस्पताल में मरीजों का इलाज

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की टीम ने की स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक

PHOTON NEWS DHANBAD : आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की राज्यस्तरीय टीम ने धनबाद दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक की। टीम का नेतृत्व इनफॉरमेशन सिक्योरिटी ऑफिसर हरेंद्र कुमार दास कर रहे हैं। इसमें सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापपन भी मौजूद थे। दास ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत सरकारी अस्पतालों को पेपरलेस करना है। एक बार मरीज का रजिस्ट्रेशन करने के बाद बार-बार रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसी रजिस्ट्रेशन नंबर में मरीज के तमाम डाटा उपलब्ध रहेंगे। अभी पैथोलॉजी या रेडियोलॉजी विभाग में जाने पर मरीज को पर्ची ले जाना पड़ता है, लेकिन यह सेवा शुरू होने के बाद पर्ची की आवश्यकता नहीं होगी। सभी काम पेपरलेस होंगे। दवा वितरण केंद्र में भी मरीज को पर्ची नहीं ले जानी है। सिस्टम के तहत कंप्यूटर पर ही मरीज के दवा की जानकारी दवा वितरण केंद्र में पहुंच जाएगी। पहले चरण में सरकारी अस्पताल में इस काम की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को सरकारी अस्पताल में व्यवस्था जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। मेडिकल कॉलेज के पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि वहां भी जल्दी यह व्यवस्था शुरू की जाए।

बैठक करते स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

नसबंदी पर 3000 व बंध्याकरण पर 2000 रुपये दे रही सरकार

DHANBAD : नसबंदी पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं, परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता रथ रवाना किया गया। सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रताप ने रथ को रवाना किया। बताया गया कि यह अभियान जनवरी तक चलाया जाएगा। इस अभियान में पुरुषों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि नसबंदी पर 3000 और बंध्याकरण पर 2000 प्रोत्साहन राशि सरकार दे रही है। जिले को इस अभियान में 100 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य हासिल करना है। सभी सहिया के माध्यम से लाभुक का सर्वेक्षण पहले ही पूरा कर लिया गया है।

मामले की जानकारी देते एसपी कुमार गौरव ● फोटोन न्यूज

लातेहार में पीएलएफआई का उग्रवादी हुआ गिरफ्तार

LATEHAR : पुलिस ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के उग्रवादी कैला यादव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्तौल और गोली बरामद हुई है। गिरफ्तार उग्रवादी पलामू जिले के पाकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई उग्रवादी कैला यादव लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के डोंकी गांव के आसपास भ्रमणशील है और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के बाद डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित की गई और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे घर दबोचा। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक पिस्टल और सात गोलियां बरामद हुईं।

मूक-बधिर महिला से दुष्कर्म, भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग

DHANBAD : धनबाद जिले में एक व्यक्ति ने मूक-बधिर महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया, जिसके बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। आरोपी ने रविवार शाम को महिला को अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, और सोमवार सुबह उसे छोड़ दिया। इस घटना के बाद, पीड़िता ने अपने माता-पिता को सांकेतिक भाषा में पूरी घटना बताई, जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने रात भर उसे ढूंढने की कोशिश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। सोमवार सुबह घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों ने आरोपी के घर का घेराव कर लिया और उसकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

SERAIKELA : जिले के कांड्रा-टाटा मार्ग पर आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित उत्कल ऑटोमोबाइल के समीप मंगलवार को एक ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी । इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार गुरुचरण सिंह (36) नामक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक जमशेदपुर स्थित कदमा शास्त्री नगर का निवासी था और औद्योगिक क्षेत्र की हाइको कंपनी में कार्यरत थे। वह घटना के वक्त अपनी पल्सर बाइक से ड्यूटी जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी गई। टक्कर मारने के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों, राहगीर और मृतक के परिजनों ने शव के साथ बीच सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने पुलिस के देर से पहुंचने पर भी नाराजगी जताई और फरार ट्रेलर चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट में करनडीह बना विजेता

GHATSILA : बहरागोड़ा प्रखंड के राजलाबांध पंचायत स्थित वीणापाणि स्टेडियम में मंगलवार को झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में 17 वीं विजय बोस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच हुआ। इसमें मऊभंडार एकादश को 148 रनों से हराकर करनडीह एकादश विजेता बना। मुख्य अतिथि घाटशिला के पूर्व एसडीओ सत्यवीर रजक और विशिष्ट अतिथि जेएससीए के कोषाध्यक्ष राजीव बदान ने विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किया।

लातेहार में जंगली हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत

AGENCY LATEHAR : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडारकोम गांव के बगल में स्थित जंगल में जंगली हाथियों ने गुलाब यादव (60) की जान ले ली। मंगलवार को गुलाब यादव का शव जंगल से बरामद हुआ। मिली जानकारी के अनुसार पिंडारकोम गांव निवासी गुलाब यादव अपने मवेशी को चराने सोमवार को जंगल की ओर गया था। इसी दौरान जंगली हाथियों ने उसपर हमला कर दिया। हालांकि खुद को बचाने के लिए वह जंगल की ओर भाग गया था। परंतु रात में घर वापस नहीं लौटा। हाथियों के डर के कारण गांव के लोग रात में जंगल की ओर नहीं गए। मंगलवार को जब गुलाब यादव के परिजन तथा कुछ अन्य ग्रामीण जंगल में खोजबीन करने गए तो वहां गुलाब यादव का शव मिला। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस इलाके में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का आतंक जारी है। परंतु वन विभाग के द्वारा हाथियों को भगाने के लिए कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद रेंजर नंदकुमार महतो के निर्देश पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है। रेंजर ने बताया कि मृतक के परिजनों को प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाथियों को भगाने के लिए विभाग के द्वारा बंगाल से टीम बुलाई जा रही है।

शव के पास जुटे ग्रामीण ● फोटोन न्यूज

अक्टूबर से शुरू हुआ था काम, कार्यपालक अभियंता ने कहा- पैसे के अभाव में नहीं हो पा रहा कार्य

निर्माण के नाम पर ठेकेदारों ने सड़कों पर बिछा दिया बोल्डर

AGENCY KHUNTI : जिले के ग्रामीण इलाकों में मजबूतीकरण के नाम दर्जनों सड़कों पर संवेदकों ने बड़े-बड़े बोल्डर डालकर छोड़ दिया। इसके कारण आये दिन दो पहिया वान चालक और साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। पिछले तीन महीनों से लगभग निमार्णाधीन सभी सड़कों का यही हाल है। अक्टूबर महीने में इन सड़कों के मजबूतीकरण का काम अलग-अलग संवेदकों के जरिये शुरू किया गया। ठेकेदारों ने सड़कों को खोदकर बोल्डर डालकर छोड़ दिया। पिछले तीन महीना से सड़कों का निर्माण कार्य बंद है। तोरपा से जरियागढ़, एरमेरे से ईचा, दियांकेल से बडरूटोली, कतारी मोड़ से सुदारी सहित खूंटी, तोरपा, कर्रा, रनिया और मुरहू प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में सड़कों का निर्माण कार्य बंद है।

सड़क पर बिछाए गए बोल्डर ● फोटोन न्यूज

तोरपा प्रखंड के ईचा गांव के रहने वाले दीपक गुप्ता, चमन महतो, सूरज महतो, दियांकेल गांव के सुमिज सोय, बडरूटोली गांव के माइकल फ्रांसिस धान और शांता सिंह कहते हैं कि सड़कों के निर्माण कार्य बंद होने से लोगों को खासकर स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर बड़े-बड़े बोल्डर डालकर छोड़ दिये जाने से बाइक सवारों और साइकिल चलाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। आये दिन लोग दुर्घटना में घायल हो रहे है। लोगों का कहना है कि विधायक को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि बहुत जल्द वे विधायक को ज्ञापन सौंपकर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग करेंगे। सड़कों के अधूरे निर्माण के संबंध में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष जयसवाल ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि सड़कों को अधूरा क्यों छोड़ दिया गया है। एदि पैसे के अभाव में काम ठप है, तो आखिर रकम गई कहां? उन्होंने कहा कि सरकार की गलती का खमियाजा आखिर जनता क्यों भुगते। विभिन्न ग्रामीण इलाकों में सड़कों के अधूरे निर्माण के संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता सुशील झा कहते हैं कि फंड के अभाव में सड़कों का निर्माण कार्य बंद है। अभी कहना मुश्किल है कि विभाग को रकम कब मिलेगी। उन्होंने कहा कि पैसा मिलते ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत अभियंताओं को दिया नियुक्ति पत्र

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में मनरेगा अंतर्गत नवनियुक्त तकनीकी अभियंता (सहायक व कनीय अभियंता) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उपायुक्त ने कुल 12 सहायक अभियंता और 19 कनीय अभियंता को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने नवनियुक्त सभी अभियंताओं को शुभकामना देते हुए कहा कि मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में आपका कार्य काफी महत्वपूर्ण है। आपको सकारात्मक रूप से अपनी काबिलियत का परिचय देते हुए कार्य करना है। आप सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के अतिरिक्त अन्य योजनाओं में भी आपको काम करने का अवसर मिलेगा। वहीं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने सभी अभियंता को 28 दिसंबर तक ज्वाइन कर लेने और अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया।

फेक न्यूज पर लगेगा अंकुश, सरकार जारी करेगी गाइडलाइन : डॉ. मुरूगन

MEDININAGAR : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि सरकार फेक खबरों के विरूद्ध सभी की सहमति से आवश्यक गाइडलाइन जारी करेगी, वैसे तो इस संबंध में वे सदन में अपनी बात रख चुके हैं। कोई समाचार प्रकाशित या प्रसारित होने से पहले यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि इससे समाज पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को दीनदयाल नगर भवन में पत्रकारों से कहा कि विभिन्न प्रिंट या इलेक्ट्रोनिक मीडिया द्वारा प्रेस कार्उंसिल ऑफ इंडिया के निदेर्शों का अनुपालन किया जाता है। कोई भी खबर पहले सब एडिटर व बाद में एडिटर की सहमति से ही सार्वजनिक की जाती है। वहीं वर्तमान समय में जिसके पास भी मोबाइल है, वह स्वयं पत्रकार व पब्लिशर है। उनलोगों को भी अपने सामाजिक दायित्वों को समझना होगा। किसी भी खबर को प्रसारित करने से पहले उसके सोर्स व सत्यता की जांच की जानी चाहिए। एक प्रश्न के जवाब में सूचना एवं प्रसारण मंत्री डा. मरूगन ने कहा कि केंद्र सरकार डालटनगंज दूरदर्शन केंद्र में प्रोडक्शन यूनिट आरंभ करने पर विवार कर रही है। पलामू दौरे के उद्देश्य पर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि तीन दिवसीय दौरे के क्रम में आकांक्षी जिले में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडीकेटरों पर किए गए कार्यों की समीक्षा की जा रही है। इस दौरान ड्राप स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चों का सर्वे करने व अन्य निर्देश दिए गए है।

पत्रकारों को संबोधित करते डॉ. मुरूगन

पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया कुख्यात सजाउद्दीन

रंगदारी-जानलेवा हमले में इस्तेमाल की गई गाड़ी बरामद, पिठोरिया थानेदार को मिली थी अपराधियों की सूचना

छापेमारी करने गई चौपारण पुलिस को देखकर भाग गए अपराधी, तलाश में की जा रही है ताबड़तोड़ रेड

PHOTON NEWS RANCHI :
रांची स्थित पिठोरिया के कोकदोरो का कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन अंसारी पर पुलिस ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को पुलिस को सजाउद्दीन और उसके गुर्गे की हजारीबाग में छुपने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस एक्शन में आई। सजाउद्दीन और उसके गुर्गे को गिरफ्तार करने पुलिस जैसे पहुंची, सभी अपराधी भाग खड़े हुए। पीछा करने के दौरान सभी अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। इस दौरान थार (जेएच-01-एफएफ-1471) को चौपारण स्थित एक पेटोल पंप के पास छोड़कर भाग गए। चौपारण पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार रॉय ने बताया कि सूचना मिली थी- चौपारण स्थित एक पेट्रोल पंप के पास एक थार गाड़ी खड़ी है, जो कि अपराधी सजाउद्दीन की है। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। चौपारण थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तो सभी अपराधी कार को छोड़ भाग गए। इस दौरान वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पिठोरिया थाना की पुलिस वाहन को लाने के लिए चौपारण रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार, सजाउद्दीन का भांजा थार चला रहा था। यह वाहन रंगदारी के लिए जानलेवा हमले में इस्तेमाल किया जाता था। कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन, शाहिद उर्फ छोटू व गिरोह के अन्य अपराधियों की तलाश में पिठोरिया पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

छापेमारी के दौरान बरामद वाहन

रंगदारी के लिए किया था जानलेवा हमला

बीते 18 दिसंबर को कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन और उसके गुर्गों ने जानलेवा हमला की घटना को अंजाम दिया था। घटना को लेकर सफदर सुल्तान ने कोकदोरो निवासी सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद अंसारी उर्फ छोटू उर्फ तारीफ अंसारी, रमीज अंसारी, इरशाद अंसारी, खालिक अंसारी, बबलू उर्फ अर्सलान अंसारी, समशाद अंसारी, शहबाज अंसारी, और उपरकोनकी निवासी साहिल अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अपराधी महिंद्रा थार (जेएच-01-एफएफ-1471) और बलेनो कार (जेएच-01-एफबी-3929) में सवार होकर पहुंचे थे।

क्या पैदल परेड कराएगी पुलिस

सूत्रों से खबर है कि कुख्यात सजाउद्दीन व उसके भांजा शाहिद उर्फ छोटू को पुलिस गिरफ्तार करने के बाद हथकड़ी लगाकर पिठोरिया थाना से पैदल परेड कराते हुए कोर्ट ले जाएगी, ताकि इलाके की शांति भंग करने वाले हर अपराधी को सबक मिलेगी। बताते चलें कि एसएसपी चंदन सिन्हा ने कुख्यात जमीन कारोबारियों और अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद पैदल परेड की परिपाटी शुरू की थी। इसके बाद से कुख्यातों के पकड़े जाने बाद ऐसी कार्रवाई जारी है।

कुख्यात अपराधियों के घर पर पुलिस ने चस्पा किया था इश्तेहार

रांची जिले के कई थानों के लिए वांटेड कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन अंसारी के अलावा शाहिद उर्फ छोटू और नैयर के घर पुलिस ने 20 दिसंबर को इश्तिहार चस्पा किया था। पुलिस ने एक सेना के जवान से ठगी करने के मामले में यह कार्रवाई की थी। गौरतलब है कि सजाउद्दीन की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज पीड़ित व ग्रामीणों ने थानेदार गौतम कुमार राय पर संरक्षण के आरोप लगाया था।

BRIEF NEWS

शिक्षा मंत्री रामदास से मिला पासवा का प्रतिनिधिमंडल

RANCHI : मंगलवार को प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) झारखंड चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। यह शिष्टाचार मुलाकात थी। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री को प्राइवेट स्कूलों की परेशानी और जमीन की बाध्यता और हर तरह की होने वाली परेशानी से भी आवगत कराया। शिक्षा मंत्री ने पासवा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त कराया कि प्राइवेट स्कूल जितने भी यू डाइस धारक स्कूल हैं, इनको बंद होने नहीं दिया जाएगा। इनकी परेशानी को दूर करने की कोशिश की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने उनका शुक्रिया अदा किया। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष मास्टर उस्मान, महासचिव मसूद कच्छी, उपाध्यक्ष सैयद अंसार उल्लाह, रांची जिला संरक्षक मोहम्मद महताब अंसारी थे।

ऑर्किड हॉस्पिटल में बाइलेटरल यूरेटरोकोएल की हुई सर्जरी

RANCHI : राजधानी रांची के ऑर्किड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक महिला की दुर्लभ बीमारी बाइलेटरल यूरेटरोकोएल की सफल सर्जरी की गई। 35 वर्षीय महिला को पेट में दर्द, उल्टी और पेशाब में दिक्कत की समस्या थी। यूरोलॉजिस्ट डॉ. अरविन्द कुमार प्रभात ने तुरंत सर्जरी का निर्णय लिया। इसके बाद डॉक्टरों ने महिला का लेजर एक्सिजन विधि से ऑपरेशन किया। दो दिन में ही महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया। ऑर्किड का यूरोलॉजी डिपार्टमेंट सीएपीएफ, सीजीएचएस, टीपीए और आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध है।

मुख्यमंत्री हेमंत से आर्च बिशप ने की मुलाकात

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो और बिशप निस्तार कुजूर ने मुलाकात की। इस दौरान बिशप ने मुख्यमंत्री को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी राज्य की समस्त जनता और पूरे मसीही समुदाय को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान विधायक राजेश कच्छप, सुजीत कुजूर, तारा तिर्की, सुजीत टोप्पो, राजीव एक्का, रवि बारला एवं विकास तिर्की उपस्थित थे।

नगर आयुक्त संदीप सिंह ने अधिकारियों के साथ की मीटिंग

व्यावसायिक प्रतिष्ठान मिक्स कूड़ा देंगे, तो निगम नहीं करेगा उठाव

- सभी टीमों को एकजुट होकर माइक्रो लेवल पर काम करने का दिया निर्देश
- सोर्स पर ही गीला और सूखा कचरा अलग करने पर दिया गया जोर
- पूरे शहर के लिए 370 बल्क वेस्ट जेनरेटर की तैयार की गई है सूची

PHOTON NEWS RANCHI :
मंगलवार को रांची नगर निगम में कचरे को अलग-अलग रखने को लेकर नगर आयुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सोर्स पर ही कचरे को अलग-अलग करने पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि कामर्शियल प्रतिष्ठानों को हर हाल में सूखा और गीला कचरा अलग देना होगा। इसके लिए उन्हें दो बार चेतावनी दी जाएगी। इसके बावजूद भी कामर्शियल प्रतिष्ठान मिक्स कूड़ा देते हैं, तो निगम उनके कूड़े का उठाव बंद कर देगा। बैठक में उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, अभियंता और सुपरवाइजर समेत अन्य निगम अधिकारी मौजूद थे। नगर आयुक्त ने बल्क वेस्ट जेनरेटर के लिए 53 वार्डों में सोर्स पर कचरा अलग करने को गति देने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी टीमों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शहर के लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करने की जानकारी दें। साथ ही झिरी में गेल द्वारा लगाए गए 150 टन बायोगैस प्लांट के बारे में भी बताए। उन्होंने कहा कि सभी टीमों को एकजुट होकर माइक्रो लेवल पर काम करना होगा। उन्होंने ये भी बताया कि अब तक 370 बल्क वेस्ट जेनरेटर की सूची तैयार की जा चुकी है। छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों में भी सोर्स पर ही कचरा अलग करने को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में सब्जी मार्केट में गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने की व्यवस्था की जाए। जानकारी के लिए साइन बोर्ड लगाए जाएं। सभी होटल, रेस्टोरेंट और अन्य कामर्शियल प्रतिष्ठानों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए सख्त निर्देश दिए जाएं। निगम की गाड़ियों में उनका कूड़ा देने का कार्य सुनिश्चित किया जाएं। शहर के लोगों से अपने भवन परिसर या प्रतिष्ठानों में हरे और नीले रंग के डस्टबिन का उपयोग करें, जिसमें सूखा कचरा नीले डस्टबिन में और गीला कचरा हरे डस्टबिन में डाला जाए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त संदीप सिंह व अन्य। ● फोटोन न्यूज

रांची व जमशेदपुर के अधिकतम तापमान में दर्ज की गई वृद्धि

झारखंड में ठंड और कोहरे के बीच 28 को हो सकती है बारिश

PHOTON NEWS RANCHI :
मंगलवार को राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य हिस्सों में सुबह में कोहरे के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहे। हवा भी लगातार चल रही है। मौसम विभाग की ओर से पूवानुमान में बताया गया है कि 25, 26 और 27 दिसंबर को भी सुबह में कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। इसके बाद 28 दिसंबर को राज्य में आंशिक बादल छाए रहेंगे। साथ ही उत्तर पश्चिमी तथा निकटवर्ती उत्तरी भागों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश हो सकती है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस देवघर में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस पलामू में रहा।

- सबसे ज्यादा उच्चतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस पलामू में किया गया दर्ज

राज्य में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही 108 एंबुलेंस सेवा : बाबूलाल

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की 108 एंबुलेंस सेवा पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा, जो आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए जनजीवन का अहम हिस्सा है, गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। मरांडी ने लिखा है कि एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम में भारी देरी हो रही है। शहरों में औसतन 25 मिनट और ग्रामीण इलाकों में 40 मिनट का समय लगना तय है लेकिन वास्तविकता इससे भी ज्यादा चिंताजनक है। कई बार कॉल करने के 60 मिनट बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंचती, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने कहा है कि जहां पांच मिनट की देरी में लोगों की जिंदगी और मौत तय हो जाती है।

एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक खेलकूद में शंख हाउस बना विजेता

PHOTON NEWS RANCHI :
मंगलवार को एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में चार दिवसीय इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में दामोदर हाउस, कोयल हाउस, शंख हाउस, और स्वर्णरेखा हाउस के जूनियर और सीनियर ग्रुप के बच्चों ने भाग लिया। शंख हाउस को विजेता घोषित किया गया, जबकि कोयल हाउस की टीम उपविजेता बनी। समापन समारोह के दौरान विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। स्कूल के संस्थापक ललित हेंब्रम ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से बच्चों में सामूहिकता और जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। निदेशक कुणाल कश्यप और प्रिंसिपल शादान आलम ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता के दौरान मटका रेस, कराटे और नृत्य प्रदर्शन जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिन्हें अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के बीच में सांता क्लॉज भी पहुंचे। सांता क्लॉज को देख बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई।

प्रतीक बने जेसीआई रांची के नए अध्यक्ष

RANCHI : जूनियर चेंबर इंटरनेशनल (जेसीआइ), रांची के नये अध्यक्ष प्रतीक जैन चुने गये हैं। वर्ष 2025 का चुनाव संपन्न होने के बाद नयी टीम का गठन कर लिया गया है। सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया के माध्यम से अध्यक्ष और पदाधिकारियों को चुना। नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रतीक जैन ने कहा कि उनकी टीम संस्था और समाज को नये आयामों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी और नये मानदंड स्थापित करेगी। सचिव का पदभार सन्नी केडिया संभालेंगेइस बार नयी टीम में छह उपाध्यक्षों के साथ सचिव का पदभार सन्नी केडिया संभालेंगे, जबकि सह सचिव सौरभ जालान व कोषाध्यक्ष जेसी कौशल मुरारका चुने गये हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया के नेतृत्व में संपन्न हुई।

कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

PHOTON NEWS RANCHI :
मंगलवार को झारखंड में कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। इसका नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। मार्च की शुरूआत पुराने हाई कोर्ट के प्रवेश द्वार पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। यह मार्च कांग्रेस भवन से निकलकर उपायुक्त कार्यालय तक पहुंची। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त के प्रतिनिधि को सौंपा। इस अवसर पर टाना भगतों ने भी बाबा साहब के सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए इस मार्च में भाग लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने संबोधन में कहा कि अमित शाह की टिप्पणी ने संविधान के महत्व को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की अध्यक्षता में तैयार संविधान एक महत्वपूर्ण धरोहर है, जो भारतीय लोकतंत्र की नींव है। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा और उनके नेताओं की टिप्पणी अपमान है। यह संविधान को बदलने की उनकी मंशा का हिस्सा है। प्रमुख नेताओं में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, सुबोध कांत सहाय, डॉ. रामेश्वर उरांव, राजेश ठाकुर, सुरेश बैठा, बंधु तिर्की, राजीव रंजन प्रसाद और कई अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

जबरदस्ती: कांके अंचल व थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़ेया में चारदीवारी तोड़कर शुरू किया निर्माण

चिकित्सक की खाली जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

PHOTON NEWS RANCHI :
कांके अंचल व थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़या के बोड़या रोड स्थित बैंक कॉलोनी (वृंदावन कॉलोनी) में मुंगेर, बिहार में पदस्थापित चिकित्सक डॉ. रोशन की चार कट्ठा खरीदगी जमीन है। यह जमीन वर्ष 2007 में उनकी मां द्रौपदी कुमारी ने बोड़या मौजा के खाता संख्या -491 प्लॉट संख्या 1818, 1822, 1823 कुल रकबा- चार कट्ठा जमीन अपने नाम पर खरीद कर इस पर पूरी तरह से चारदीवारी कर लोहे का गेट लगाकर बोरिंग करवा रखी थी। इस पर चिकित्सक के परिवार द्वारा घर बनाने के रांची नगर निगम में नक्शा पास करने हेतु आवेदन भी दे रखा है। इस जमीन को बैंक कर्मचारी गृह निर्माण स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बोड़या रांची कोऑपरेटिव सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी मोहन दुबे कडरू रांची निवासी ने बिक्री की थी। इसी बीच पड़ोसियों ने सूचना दी कि आपकी जमीन पर बैंक कर्मचारी निर्माण कोऑपरेटिव सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी मोहन दुबे और उनके द्वारा रखे हुए दबंग बदलू, रामकिशन और अन्य अज्ञात लोगों ने पूरी तरह से जमीन की चारदिवारी, गेट और बोरिंग को तोड़ दिया है। इस पर नया निर्माण कार्य कर रहे हैं। चिकित्सक डॉ. रोशन ने बताया कि मैं सूचना मिलने पर 24 दिसंबर को अपनी जमीन पर जाकर देखा तो पाया कि मेरे द्वारा निर्माण की गई चारदीवारी, बोरिंग और लोहे के गेट को तोड़ दिया गया है और उसी पर नई चारदीवारी का निमार्ण कार्य मोहन दुबे, रामकृष्ण और अन्य लोगों द्वारा किया जा रहा है। मैंने इसकी सूचना कांके थाना को दी है। इस जमीन का दाखिल खारिज भी 28 अगस्त 2012 को हो चुका है।

अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास

चिकित्सक ने पुलिस प्रशासन, चिकित्सकों का संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रांची शाखा सहित वरीय पुलिस अधीक्षक से अपनी जमीन को बचाने की गुहार लगाई है। डॉ. रोशन ने कहा है कि मैं लगातार बाहर रहता हूं और मेरी जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। मैं जब 24 दिसंबर को अपनी जमीन पर चल रहे कार्य को रोकने की कोशिश की, तो दबंगों ने मुझे मारने-पीटने के लिए दौड़ाया और जान से मारने की भी धमकी दी है।

जमीन बचाने के लिए महिला ने लगाई गुहार

RANCHI : रातू थाना क्षेत्र निवासी झिरी देवी अपनी खतियानी जमीन को भू-माफिया के चुंगल से बचाने के लिए दर-दर भटक रही है। मंगलवार को झिरी देवी ने मीडिया के समक्ष अपना मामला रखा। इस दौरान झिरी देवी ने पुलिस पर आरोप भी लगाया। मीडिया के जरिए सीएम हेमंत सोरेन से गुहार लगाते हुए जमीन को जबरन कब्जा करने से बचाने की गुहार लगाई। साथ ही भू-माफिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी मांग की। झिरी देवी ने कहा कि मैं एक आदिवासी महिला हूं। मेरी रातू थाना अंतर्गत मौजा तिलता में खाता नंबर 11-12 में कायमी और खाता नंबर 106 मे बेकास्ट जमीन 2 एकड़ 74 डिसमिल खतियानी जमीन है। यज्ञ खतियान में छोटका कंदुवा मुंडा वल्द लक्ष्मण मुंडा के नाम से दर्ज है।

राज्य की भावना के अनुरूप काम करती है हमारी सरकार : हेमंत

RANCHI : मंगलवार को कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम 2024 के अंतिम पड़ाव पर हैं। सभी को 2025 का इंतजार है। 2025 राज्यवासियों के लिए मंगलमय हो। राज्यवासियों को उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि हमारी पूरी मंशा है कि सरकार की आवाज इस राज्य के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। राज्य को बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है। दूरदर्शिता वाली हमारी सरकार इस राज्य की भावना के अनुरूप काम करती है। पेसा कानून राज्य में लागू कराने को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हम पहले से ही इसे लेकर चर्चा करते रहे हैं। जल्द ही इसको लेकर भी निर्णय आप सबके सामने होगा।

महाकुंभ में शामिल होने के लिए यूपी से मिला हेमंत को निमंत्रण

PHOTON NEWS RANCHI :
मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा (कैबिनेट) मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं कारागार (राज्यमंत्री) सुरेश राही ने मुलाकात की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को भारतीय संस्कृति एवं आस्था के प्रतीक प्रयागराज महाकुंभ- 2025 में सम्मिलित होने के लिए न्योता दिया। मुख्यमंत्री हेमंत को मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं सुरेश राही ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उनका आमंत्रण, पवित्र, गंगाजल एवं महाकुंभ का प्रतीक चिह्न भेंट कर महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया है। इस विशेष आमंत्रण को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्तर प्रदेश के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और सुरेश राही को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

पैसों के लेन-देन में की गई थी हजारीबाग के दंपती की हत्या

कुल्हाड़ी से काटा था पति का गला, महिला को भी मार कर जंगल में फेंका

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में 20 दिसंबर को की सिर कटी पुरुष और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में 22 दिसंबर को महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतक की पहचान हजारीबाग जिले के कोर्रा निवासी निर्मल एक्का और उनकी पत्नी रश्मि मोनिका सनमानी के रुप में की गई। इधर, शव मिलने के 48 घंटों के अंदर ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनुआ निवासी रामराई सुरीन, मंगता सुरीन और झींकपानी निवासी बुधन सिंह सवैयां शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को बरामद कर लिया है। मंगलवार को जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने मामले का खुलासा किया।

सेंट्रल जेल में बंद रहने के दौरान हुई थी मुलाकात

एसपी ने बताया कि मृतक निर्मल एक्का पूर्व सैनिक था और फिलहाल हजारीबाग जेल में गार्ड के रुप में तैनात थे। आरोपी रामराई सुरीन हत्या के मामले में हजारीबाग जेल में बंद था। दोनों की पहचान जेल में ही हुई थी। जेल में काम करते हुए निर्मल ने एक जमीन खरीदी थी जिसके लिए उसे रुपयों की जरुरत थी। निर्मल ने रामराई से साल 2021 से कुल 5.50 लाख रुपये लिए और लौटा देने की बात कही। जब निर्मल रुपये वापस नहीं लौटा पाया तो उसने रामराई को रुपयों के बदले अपनी कार देने की पेशकश की, जिसे रामराई ने 9 अक्टूबर को जेल से रिहा होने के बाद निर्मल के घर जाकर कार ले लिया।

दंपती की फाइल फोटो

घाघीडीह जेल में मनोज सिंह की हत्या में जेल में बंद था रामराई

रामराई के बारे में बताया गया कि वह साल 2012 में सोनुआ में हुए एक हत्या के मामले में जेल में सजा काट रहा था। वह घाघीडीह जेल में बंद था जहां साल 2019 में हुए मनोज सिंह हत्याकांड में उसे कोर्ट ने फांसी की सजा भी सुनाई थी। हालांकि बाद में हाइकोर्ट ने उसे बरी कर दिया था।

परिजनों ने दर्ज कराई थी लापता होने की शिकायत

निर्मल के परिजनों ने हजारीबाग में निर्मल और रश्मि के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि 17 दिसंबर को निर्मल और रश्मि चक्रधरपुर के लिए निकले थे। 19 दिसंबर तक दोनों से फोन पर बात हुई पर उसके बाद फोन बंद हो गया। इसके आधार पर दोनों शवों की पहचान कर पुलिस जांच में जुटी। अंत में तकनीकी सहायता से पुलिस हत्यारे तक पहुंची।

सिर को पास में ही पत्थर से छिपा दिया था

रामराई निर्मल को घने जंगलों में ले गया जहां अपने साथियों के साथ मिलकर निर्मल की हत्या कर सिर को धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद धड़ को कार की डिक्की में रखकर उड़वा के जंगलों में फेंक दिया, जबकि सिर को थोड़ी ही दूर पत्थर से छिपा दिया। इसके दूसरे दिन 20 दिसंबर को रश्मि की भी हत्या कर दी। कार को बुधन के घर पर खड़ी कर खुद अपने घर चला गया।

कार खराब निकलने पर शुरू हुआ था विवाद

रामराई के अनुसार कार में कुछ खराबी थी, जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया था। रामराई ने निर्मल से पैसे मांगे तो निर्मल ने अपनी कार वापस लौटाने के लिए कहा। इसी बीच 17 दिसंबर को निर्मल अपनी पत्नी रश्मि के साथ कार लेने बस से चाईबासा आया था, जहां खुद रामराई ने दोनों को उसी कार से रिसीव किया। इसके बाद दोनों को अपने साथी बुधन सिंह के झींकपानी स्थित आवास में ले गया, जहां दोनों को दो दिनों तक रुकने को कहा। 19 दिसंबर को रामराई ने निर्मल को यह बोलकर बिठाया कि दोनों को चक्रधरपुर छोड़ देंगे।

पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नीमडीह रेलवे स्टेशन से पकड़ाया, हथियार छिपाने वाला भी हत्थे चढ़ा

PHOTON NEWS SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के बड़डीह गांव में पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष और यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति सोनू सरदार की 13 दिसंबर की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मुख्य आरोपी बीरबल सरदार को भी गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा बीरबल के साथी रवि महतो उर्फ कोंका भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी और पिस्टल भी बरामद कर लिया है।

जिला से भागने की फिराक में था बीरबल

मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद सभी फरार चल रहे थे। मामले मे पूर्व में गंजिया निवासी आशीष गोराई, विश्वजीत नायक, बड़डीह निवासी अनिल सरदार, राजगांव निवासी आनंद दास और सूरज मार्डी को गिरफ्तार किया था। बीरबल और लक्खीचरण फरार थे। पुलिस के दबाव में आकर लक्खीचरण ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, जबकि बीरबल पुलिस की नजरों से भाग रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बीरबल नीमडीह रेलवे स्टेशन के आसपास छिपा है और जिला छोड़ने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर बीरबल को गिरफ्तार कर लिया।

अवैध कारोबार का विरोध बना हत्या की वजह

सोनू सरदार क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार का कड़ा विरोध कर रहा था। आरोपी इसी अवैध कारोबार में संलिप्त थे, जिससे वे सोनू से नाराज चल रहे थे। हत्या की साजिश मास्टरमाइंड बीरबल सरदार ने रची थी। योजना के अनुसार, सभी आरोपियों ने मिलकर सोनू सरदार की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।

समाचार सार

हर-हर महादेव सेवा संघ ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल

GHATSILA : बढ़ती ठंड को देखते हुए हर-हर महादेव सेवा संघ ने मंगलवार को जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया। संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में घाटशिला के जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह की देखरेख में घाटशिला के विभिन्न क्षेत्रों में कंबल वितरण हुआ। इस मौके पर काले ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना संघ की प्राथमिकता है। पिछले 24 वर्षों से संघ के सदस्य समर्पित भाव से सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम में काशिदा की उपमुखिया लक्ष्मी सिंह, दीपक मिश्रा, हरेश्वर सिंह, साहिल आनंद आदि थे।

आयोग से बांग्ला पाठ्य पुस्तक देने की मांग

GHATSILA : राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर भाषाई अल्पसंख्यक विद्यालयों में विभिन्न समस्या का समाधान करने की मांग की गई है। जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय, घाटशिला की प्रबंध समिति के अध्यक्ष तापस चटर्जी ने बताया कि यह एक भाषाई अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय हैं. जो लगभग 100 वर्ष पुराना है। इस विद्यालय को 1943 में मान्यता मिली थी। वर्तमान में पंचम वर्ग से दशम वर्ग तक कुल 1015 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आयोग से कहा कि यहां छात्रों को जिला स्तर से कोई भी बांग्ला पुस्तक उपलब्ध नहीं कराया जाता है। विद्यालय प्रबंध समिति अपने स्तर से पश्चिम बंगाल से पुस्तकें खरीद कर छात्रों को उपलब्ध कराता है।

बंगाली स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

CHAKRADHARPUR : बंगाली बालिका उच्च विद्यालय में मंगलवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विधायक सुखराम उरांव बतौर मुख्य अतिथि और बीईओ संजीव कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। इस दौरान स्कूल की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्राओं के द्वारा जिन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया उनमें, स्वागत नृत्य, बिहू नृत्य, मादक पदार्थ पर नाटक, तमिल हिंदी रीमिक्स, मानव तस्करी पर नाटक, सुंदर झारखंड, हास्य नाटक, हो नृत्य, बाल विवाह पर नाटक, महाभारत टाइटल गीत, फैशन शो, डांडिया नृत्य, आदिवासी नृत्य और क्रिसमस नृत्य शामिल थे। इसके बाद विधायक ने स्कूल की मेधावी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया।

टाटा-इतवारी एक्सप्रेस 29 को रहेगी रद्द

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल में विकासात्मक कार्यों के कारण 29 दिसंबर को टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर-18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस, जो 28 दिसंबर को खुलेगी, डायवर्ट रूट से चलेगी। यह ट्रेन 29 दिसंबर को टाटानगर नहीं आएगी। रेलवे के सर्कुलर के मुताबिक यह ट्रेन ईब-झारसुगड़ा रोड-संबलपुर -तालचर रोड़-कटक के रास्ते चलेगी। अचानक ट्रेन के डायवर्ट रूट से चलने से पूर्व से टिकट कराएं, यात्रियों को परेशानी होगी।

मंत्री ने बांग्ला स्कूल में बांटे स्वेटर

CHAIBASA : चाईबासा के आदर्श नगरपालिका बांग्ला मध्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बीच मंत्री दीपक बिरुवा ने स्वेटर वितरण किया। इस मौके पर बतौर अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी टोनी प्रेमराज टोप्पो व जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार भी मौजूद थे। एसआर रूंगटा ग्रुप के सौजन्य से विद्यालय प्रबंधन समिति को कुल 435 बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध कराए गए थे।

वसुंधरा एस्टेट में आज होगा शिव कथा का शुभारंभ

JAMSHEDPUR : मानगो के एनएच-33 स्थित वसुंधरा एस्टेट (नियर इरिगेशन कॉलोनी) में सात दिवसीय त्रिशूल शिव महापुराण कथा का 25 दिसंबर से शुभारंभ होगा, जो 1 जनवरी बुधवार तक चलेगा। श्रीधाम वृंदावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री जी महाराज श्री शिव कथा का प्रसंग रोजाना संध्या 4 से 7 बजे तक करेंगे। महाराज द्धारा व्यासपीठ से कथा वाचन के दौरान भगवान के अलग-अलग रूपों की झांकियों का दर्शन भी कराया जाएगा। इसका आयोजन किरण-उमाशंकर शर्मा परिवार द्धारा किया जा रहा है। प्रथम दिन बुधवार 25 दिसंबर को कलश यात्रा से श्री शिव कथा का शुभारंभ होगा। अंतिम दिन एक जनवरी की शाम को भव्य भंडारा के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा। शिवकथा महोत्सव का आस्था चैनल पर सीधा प्रसारण होगा।



युद्धस्तर पर हो रहा अंडरपास का निर्माण दोपहर से ही हावड़ा-मुंबई रेलमार्ग रहा ठप

CHAKRADHARPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर मंगलवार को चक्रधरपुर में भारत भवन के पास फकीर मोहल्ला में अंडरपास का निर्माण शुरू हुआ। अंडरपास निर्माण में दो 140 टन के क्रेन और चार पोकलेन मशीन सहित अन्य मशीनों की मदद ली गई। इस कार्य में सैकड़ों रेलकर्मी, ठेका मजदूर लगाए गए। वहीं मौके पर रेल अधिकारी और ठेकेदार भी मौजूद रहे।अंडरपास निर्माण के कारण दोपहर के बाद चक्रधरपुर स्टेशन में ट्रेनों का परिचालन ठप पड़ गया। आठ यात्री ट्रेनें रद्द रहीं। वहीं निर्माण कार्य को देखने के लिए कार्यस्थल पर लोगों की भीड़ भी मौजूद रही। दोपहर 11.30 बजे अंडरपास निर्माण के लिए प्लान के मुताबिक रेलवे द्वारा 6 घंटे का ब्लॉक लिया गया।

अंडरपास निर्माण देखने जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

विधायक सुखराम उरांव का छात्रों ने किया स्वागत

चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव भी कार्यस्थल पर पहुंचे। यहां आसपास के लोगों और उर्दू स्कूल के छात्रों ने विधायक का स्वागत फूल से किया। मालूम रहे कि इस अंडरपास निर्माण में विधायक सुखराम की अहम भूमिका है। विधायक की ही पहल पर रेलवे को तकरीबन 4 करोड़ का फंड राज्य सरकार ने डीएमएफटी से उपलब्ध कराया है। इसके बाद रेलवे ने अंडरपास का निर्माण शुरू किया। इस अंडरपास को पूरा होने में एक से डेढ़ महीने का वक्त लगने की बात कही जा रही है। क्योंकि अंडरपास का फिनिशिंग वर्क, गार्ड वाल, जल निकासी, अप्रोच रोड निर्माण कार्य भी किया जाएगा। बहरहाल लोगों में अंडरपास निर्माण से काफी खुशी है। लोगों का कहना है कि अंडरपास के बनने से अब लोगों को जान जोखिम में डालकर रेल पटरी को पैदल या साइकिल लेकर पार नहीं करना पड़ेगा। इसका ज्यादातर लाभ बच्चे, बूढ़े, बीमार, छोटे वाहन और ठेला चलाने वालों को होगा, जिन्हें रेलवे ओवरब्रिज को पार करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था।

रामलीला मैदान के पास डिवाइडर से टकराया मोक्ष वाहन

JAMSHEDPUR : साकची स्थित रामलीला मैदान के पास एक मोक्ष (शव) वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। इस घटना में वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। इधर, घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार वाहन साकची से काशीडीह की ओर जा रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुकान के उधार को लेकर हुआ विवाद, युवक पर चाकू से हमला

JAMSHEDPUR : सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के कल्याण नगर में आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मंगलवार दोपहर 37 वर्षीय शैलेंद्र साहू को 7-8 युवकों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल शैलेंद्र को तुरंत इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल शैलेंद्र के भाई उपेंद्र साहू ने बताया कि उनकी किराने की दुकान में स्थानीय निवासी राजेश साहू नशे की हालत में आया और उधार सामान मांगने लगा। जब उपेंद्र ने पहले का बकाया चुकाने की बात कही, तो राजेश गुस्से में उलझ पड़ा और थोड़ी देर बाद 7-8 युवकों को साथ लेकर दुकान में आ धमका। राजेश और उसके साथियों ने उपेंद्र से झगड़ा शुरू कर दिया। शोर-शराबा सुनकर शैलेंद्र साहू मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने की कोशिश की। इसी दौरान झगड़ा कर रहे युवकों ने चाकू से उस पर कई बार हमला कर दिया। घटना के बाद शोर सुनकर स्थानीय लोग जमा हो गए, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। परिजन घायल शैलेंद्र को लेकर पहले सीतारामडेरा थाना पहुंचे और घटना की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने शैलेंद्र को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा। उपेंद्र ने बताया कि झगड़ा करने वाले सभी युवकों के पास चाकू था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इलाजरत घायल

मैट्रिक में 25,380 और इंटर में 22,256 परीक्षार्थी होंगे शामिल

समाहरणालय सभागार में बैठक को संबोधित करते उपायुक्त अनन्य मित्तल

JAMSHEDPUR : जिले में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में परीक्षा केंद्र निर्धारण को लेकर बैठक हुई। इसमें परीक्षा संचालन की सुगमता और सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीएम अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, सांसद और विधायकों के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार समेत शिक्षा संघों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उपायुक्त ने बताया कि इस साल मैट्रिक परीक्षा में जिले के 25,380 और इंटर परीक्षा में 22,256 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें इंटर कला संकाय के 13,595, विज्ञान के 4,697 और वाणिज्य के 3,964 छात्र हैं।

जिले में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर लिया गया है। धालभूम अनुमंडल में मैट्रिक के 45 और इंटर के 23 केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, घाटशिला अनुमंडल में मैट्रिक के 26 और इंटर के 12 केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

अंबेडकर सम्मान मार्च में उमड़े कांग्रेस कार्यकर्ता

साकची में नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला, जिसमें काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में यह मार्च पुराना कोर्ट के समीप पहुंचा, जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त करो..., नरेंद्र मोदी गद्दी छोड़ो..., भाजपा की मानसिकता हाय-हाय..., अमित शाह माफी मांगो... आदि नारे लगाए। इसके बाद कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां सम्मान मार्च सभा में तब्दील हो गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि विगत दिनों राज्यसभा में घटित घटना व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर फर्जी एफआईआर दर्ज किया गया। यह कृत्य अंबेडकर के बारे में अमित शाह की बेहद अपमानजनक टिप्पणी से ध्यान हटाने और असहमति की आवाजों को दबाने का प्रयास है। भाजपा की कार्यवाही न केवल नेताओं पर, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। प्रदर्शन के उपरांत उपयुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मांगपत्र सौंपा गया। इसमें अमित शाह के इस्तीफे की मांग की गई है। प्रदर्शन में राकेश कुमार तिवारी, परविंदर सिंह, देबु चटर्जी, अतुल गुप्ता, के-के शुक्ल, सामंता कुमार, शफीअहमद खान, गुलरेज अख्तर अंसारी, जसवंत सिंह जस्सी, अरुण कुमार सिंह, ब्रजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद आदि भी थे।

कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

CHAIBASA : प. सिंहभूम जिला में कांग्रेसियों ने मंगलवार को बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास के नेतृत्व में निकला मार्च कांग्रेस भवन, चाईबासा से प्रारंभ होकर प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां विधायक सोनाराम सिंकू के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम आठ सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। इस मौके पर देवेंद्रनाथ चांपिया, नीतिमा बारी, लक्ष्मण हांसदा, आनंद सिंकू, मायाधर बेहरा, अशरफुल होदा आदि मौजूद थे।

विजय टू खदान में 14 सूत्री मांग पर ठंड में भी रात भर डटे रहे कर्मचारी-मजदूर, 27 को श्रमायुक्त की अध्यक्षता में वार्ता का प्रस्ताव

टाटा स्टील के आयरन ओर माइंस में आर्थिक नाकेबंदी जारी

PHOTON NEWS CHAIBASA : टाटा स्टील की विजय-टू लौह अयस्क खदान में 23 दिसंबर की सुबह 5 बजे से झारखंड मजदूर यूनियन द्वारा जारी आर्थिक नाकेबंदी दूसरे दिन 24 दिसंबर को भी जारी रही। इस खदान के सैकड़ों मजदूरों ने अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन आर्थिक नाकेबंदी करते हुए खदान का उत्पादन व माल ढुलाई को पूरी तरह से ठप कर रखा है।

इस आंदोलन पर टाटा स्टील प्रबंधन भी सक्रिय नहीं दिख रहा है। वह मजदूरों से वार्ता करने अब तक आंदोलन स्थल पर नहीं गया है। इससे समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा है। कड़ाके की पड़ रही ठंड के बीच सैकड़ों मजदूर रात भर आग तापते हुए डटे रहे। मजदूरों ने बताया कि खदान सारंडा के घने जंगल में है। हमलोग 23 दिसंबर को दोपहर बाद सिर्फ खाना खाए थे। रात में खाना नहीं बनाया गया था। ठंड से बचाव के लिए प्लास्टिक को पेड़ों के सहारे टांग तथा कुछ लकड़ियां जलाकर ठंड में जैसे-तैसे रात गुजारे। इन आंदोलनकारी मजदूरों के साथ रातभर पुलिस के पदाधिकारी व जवान भी ठंड में परेशान व ठिठुरते रहे। चारों तरफ से आ रही ठंडी हवाओं से मजदूरों को ठंड लगने का भी खतरा बना हुआ था। इस आंदोलन में साथ दे रही सारंडा की ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा के दृष्टिकोण से 23 दिसंबर की देर शाम ही वापस भेज दिया गया था। आज पुनः ये महिलाएं दिन भर आंदोलन स्थल पर रहीं। यूनियन के अध्यक्ष दीनबंधु पात्रो ने बताया कि तमाम प्रकार का आंदोलन परेशानियों व शोषण-अत्याचार से हीं उत्पन्न होता है। यह सही है कि रात भर हमारे मजदूर ठंड में ठिठुरते व बिना सोए रहे। हम शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं एवं जीत प्राप्त कर ही लौटेंगे। उन्होंने कहा कि हमने टाटा स्टील की आवश्यक सेवा से जुड़ी तमाम चीजों को मुक्त रखा है। खदान के सुरक्षा गार्ड को छोड़ किसी को भी खदान के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। बिना पहचान पत्र के सुरक्षा गार्ड के अधिकारी को भी खदान में जाने नहीं दिया गया। हम सभी मजदूर संगठित और जोश से भरे हैं। उन्होंने बताया कि सहायक श्रमायुक्त स्तर पर चाईबासा में 27 दिसंबर को इस मामले को लेकर वार्ता रखी गई है। इसका पत्र हमें मिला है। हमारी मांगें कंपनी वार्ता टेबल पर आकर पूरा करे।

धरना पर बैठे मजदूर ● फोटोन न्यूज

यूनियन ने रखी मांग

झारखंड मजदूर यूनियन ने जो मांगें प्रबंधन पास रखी है उसमे 100 स्थानीय ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को स्थायी रोजगार देना, लंबे समय से कार्यरत स्थानीय मजदूरों का स्थायीकरण करना, मजदूरों को मेडिकल जांच में अनफिट पाए जाने पर कंपनी-वेंडर द्वारा इलाज कराके दोबारा काम पर रखना, कंपनी एवं ठेकादार के अधीन कार्यरत मजदूरों को ईएसआई चिकित्सा सुविधा का लाभ देना, सभी ठेका मजदूरों को योग्यतानुसार सही वेतन देना, सभी ठेका मजदूरों को 20 प्रतिशत बोनस एवं डस्ट एलाउंस एक समान मिलना चाहिए, मजदूर की मृत्यु हो जाने पर उसका बेटा या पत्नी को नौकरी देना, कार्यस्थल में दुर्घटना होने पर मेडिकल सुविधा एवं वेतन भुगतान जारी रखना, मजदूर का मृत्यु या सेवानिवृत्त होने पर उनको उचित राशि देना, ठेका मजदूरों को नियुक्ति पत्र देना, कंपनी और ठेका मजदूरों के लिए कैंटीन की सुविधा, जब भी ठेकेदार बदली होता है तो 45 से 90 दिन के अन्दर फूल एवं फाइनल राशि का भुगतान होना, 5 साल काम करने पर ग्रेच्युटी मिलना, यदि मजदूर अपने कार्यकाल में गंभीर बीमारी से ग्रस्त होता है तो उसके घरवालों को नौकरी देना आदि शामिल हैं।

इनकी रही सक्रियता : झारखंड मजदूर यूनियन के कोल्हान प्रमंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मोहंती, जिलाध्यक्ष आशीष कुदादा, उपाध्यक्ष करनेश जेराई, महासचिव राजेंद्र चांपिया, बराईबुरु इकाई के अध्यक्ष दीनबंधू पात्रो, महासचिव दुलाल चांपिया, उपाध्यक्ष परमेश्वर बुरमा, पूर्व जिप सदस्य बामिया माझी, मधु सिधु, लखन चांपिया, बागी चांपिया, सुखराम सिधु, सादो देवगम, कमल बुरमा आदि के अलावे गुवा व किरीबुरु इकाई के पदाधिकारी तथा सारंडा के विभिन्न गांवों के सैकड़ों ग्रामीण व महिलाएं पारंपरिक हथियारों से लैस हैं।

BRIEF NEWS

सीवान में 782 लीटर अवैध शराब बरामद

SIWAN : सीवान में मद्य निषेध विभाग की टीम ने आज 781.68 लीटर अवैध शराब बरामद की है।साथ ही शराब तस्करी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सीवान सदर की टीम ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी से 781.68 लीटर अवैध देसी और विदेशी शराब जब्त की है। इस कार्रवाई के दौरान शराब की तस्करी में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने कहा कि यह अवैध शराब उत्तर प्रदेश से सीवान लाई जा रही थी। वाहन को जब्त कर उसके स्वामी और इस तस्करी में शामिल अन्य कारोबारियों की पहचान कर जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

आईजीआईएमएस के पीजी डॉक्टर ने किया सुसाइड

PATNA : पटना आईजीआईएमएस के पीजी डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया है। डॉ. आर्यन मूल रूप से सहरसा के रहने वाले थे। घटनास्थल से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को दोपहर करीब 2 बजे सूचना मिली थी। दीघा स्थित अपने आवास पर डॉक्टर आर्यन ने आत्महत्या कर ली है। घर से पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे दीघा थानाध्यक्ष ने बताया कि एसएफएल की टीम को बुलाया गया है। वहीं मृतक के पिता भी पटना पहुंच रहे हैं। आपको बता दें डॉ. आर्यन रेडियोलॉजी विभाग में पीजी फर्स्ट ईयर के छात्र थे। जिन्होने अपने आवास पर सुसाइड कर लिया है। लेकिन आत्महत्या की कोई वजह अभी तक निकलकर सामने नहीं आई है। न ही किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है।

नाले में नवजात बेटी को फेंककर मां फरार

MUNGER : बिहार के मुंगेर जिले में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जब एक मां ने अपनी नवजात बेटी को नाले में फेंक दिया, और फिर से भाग गई। नाले में बच्ची की रोने की आवाज सुनकर अस्पतालकर्मियों ने उसे बचाया। अस्पताल प्रशासन ने बच्ची को बाल संरक्षण इकाई को सौंप दिया है। घटना का खुलासा पास में लगे सीसीटीवी से हुआ। जिसमें दिख रहा है कि एक महिला बैग लेकर पहुंचती है। फिर नाली के पास कुछ देर बैठी रहती है। इस दौरान आसपास का माहौल भांपने के बाद नवजात बच्ची को नाली में रख देती है। और फिर वहां से चुपचाप निकल जाती है। इस घटना पर किसी का ध्यान नहीं गया। लेकिन जब नाली में बच्ची मिली, तो फिर पता लगाने की कोशिश की गई कि आखिर बच्च नाली में कैसे गिरी। जिसके बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। घटनास्थल के पास लगे एक सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। जब अनुमंडल अस्पताल के नवनिर्मित बिल्डिंग के सामने नाले में एक मां अपनी नवजात बेटी को रखकर भाग निकली। फिलहला बच्ची हालत खतरे से बाहर है, और पूरी तरह स्वस्थ्य भी है। बच्ची को अब जिला बाल संरक्षण मुंगेर को सौंप दिया गया है।

प्रगति यात्रा के दूसरे दिन सीएम नीतीश ने स्कूलों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने पूर्वी चंपारण को दी ₹201 करोड़ की सौगात

AGENCY MOTIHARI : प्रगति यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चंपारण को 201 करोड़ की सौगात दी। यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। मंगलवार को मोतिहारी के केसरिया में कई योजनाओं का उदघाटन किया। सीएम यहां सुबह करीब 10:37 बजे पहुंचे। उसके बाद सीएम ने नवनिर्मित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरापुर का उदघाटन किया। यह लगभग 97 लाख 11 हजार की लागत से बना है। सीएम ने 9.89 लाख से विद्यालय परिसर में बने खेल कोर्ट का उदघाटन किया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में 9.24 लाख से बने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कई योजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम ने विद्यालय के कंप्यूटर क्लास का निरीक्षण किया। सीएम को देख बच्चे बेहद उत्साहित थे। इसके बाद

स्कूल का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार व अन्य।

सीएम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। मोतिहारी में कचहरी रेलवे गुमटी पर बने रेल ओवर ब्रिज पर फीता काटकर ब्रिज को आम लोगों को समर्पित किया। इस पुल का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के द्वारा 29 करोड़ 95 लाख रुपये के लागत से किया गया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री सुगौली के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जीविका दीदियों से भी संवाद किया। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि सीएम नीतीश कुमार ने हमें मदद करने का आश्वासन दिया है, हमारे काम से मुख्यमंत्री काफी खुश हैं। हम सब आर्थिक रूप से और बेहतर हो गए हैं, और अपने पैरों पर खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो हमारे लिए काम किया है, उससे हमारे परिवार और हमारी आर्थिक उन्नति हुई है।

जीविका दीदियों को सीएम ने 2005 वाले दिन याद दिलाए

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को मोतिहारी पहुंचे। इस दौरान सुगौली में उन्होंने जीविका दीदियों से बात की। अपने संबोधन में सीएम नीतीश ने कहा कि 2005 को जब हम सरकार में आए तो देखा कि महिलाएं काफी परेशान है। 2006 में जीविका दीदी को बेहतर करने के लिए हमें लोन लेना पड़ा था। इसे आप लोग याद रखिएगा, आपके लिए क्या किया है। हमें महिलाएं ही जन्म देती हैं, इसलिए हमें इनका ख्याल रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मौके पर 30 जीविका दीदियां थीं। प्रगति यात्रा के दौरान सीएम ने 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 110 योजनाओं की सौगात मोतिहारी वासियों को दी। सीएम ने जीविका दीदियों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक विकास पर जोर दिया।

गोदाम में अचानक लगी आग, मची अफरा-तफरी

BHAGALPUR : जिले में मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के बाल्टी कारखाना चौक के समीप मंगलवार को एक गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम में रखे कूड़े कचरे तथा पॉलिथीन में आग पकड़ने के बाद आग ने भयावह रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने काफी देर तक आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन दस्ते ने काफी मशक्कत पर आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। आसपास के घरों को काफी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि पहले यहां पॉलीथिन का कारोबार होता था। इस कारण यहां पॉलिथीन का जमावड़ा था। जिसके कारण आज आग लग गई और आग ने इतना भयावह रूप ले लिया कि लोग काबू नहीं कर पाए। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद मोजाहिदपुर थाना पुलिस, बबरगंज थाना पुलिस के साथ कई थाने के पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद अग्निशमन दस्ते को बुलाया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान कार से 70 लाख रुपये बरामद

AGENCY PATNA : राजधानी पटना में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस के द्वारा लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आयकर गोलंबर पर एक चार पहिया वाहन से लगभग 70 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। इसके बाद पुलिस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी इसकी सूचना दी। सूचना के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम पैसे गिनने की मशीन के साथ मौके पर पहुंची। मशीन से पैसे की काउंटिंग की गई जिसमें लगभग 69 लाख कुछ हजार रुपए मिले हैं। बता दें कि कोतवाली थाने की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कारोबारी प्रकाश सिंह की गाड़ी से लगभग 70 लाख कैश बरामद किया है। पकड़ा गया शख्स कदमकुआं का एक जमीन कारोबारी बताया जा रहा है। जिस गाड़ी से पैसे मिले हैं, उसका नंबर झारखंड का है। पुलिस पैसे का स्त्रोत और मकसद की जांच में जुटी है। कैश बरामद होने के बाद पुलिस के द्वारा प्रकाश सिंह थाना लाया गया। बाद में पुलिस ने इसकी सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दी, जहां इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। प्रकाश से पूछताछ जारी है। लॉ एंड आर्डर डीएसपी की कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया है कि विशेष चेकिंग अभियान के दौरान चार पहिया वाहन से लगभग 70 लाख रुपए बरामद किए गए हैं।

जेपीसी का सदस्य बनते ही शांभवी चौधरी ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर विपक्ष को घेरा

AGENCY PATNA : मंगलवार को समस्तीपुर लोकसभा सीट से सांसद और लोजपा (रामविलास) की नेता शांभवी चौधरी ने वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस विषय पर बने संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्य के रूप में चुने जाने पर लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का धन्यवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को देश हित में बताते हुए कहा कि इससे संसाधनों की बचत होगी। शांभवी चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं आभारी हूं कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुझे इस महत्वपूर्ण समिति का सदस्य चुना। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे पार्टी के विचारों और मुद्दों को इस समिति के समक्ष रखने का

समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी।

अवसर मिलेगा। इस फैसले के लिए मैं चिराग पासवान को धन्यवाद देती हैं, जिनके नेतृत्व में मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। वन नेशन वन इलेक्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में अगर सभी चुनाव एक साथ होते हैं तो इससे कई लाभ होंगे। अक्सर देखा जाता है कि तीन-चार महीने के अंतराल में किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं, जिससे पूरा प्रशासन और चुनावी प्रक्रिया प्रभावित होती है। इससे न सिर्फ संसाधनों का अत्यधिक उपयोग होता है, बल्कि सरकारी कामकाजी प्रक्रिया भी बाधित होती है। अगर वन नेशन वन इलेक्शन लागू होता है तो यह न केवल चुनावी खर्चों में कमी लाएगा, बल्कि सरकार को पांच साल तक काम करने का पूरा समय मिलेगा, जिससे शासन में बेहतर कार्य हो पाएगा। वन नेशन वन इलेक्शन पर विपक्ष की आपत्ति को राजनीतिक हितों से प्रेरित बताते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई संवैधानिक संकट नहीं है। इस संदर्भ में संविधान का अनुच्छेद 327 स्पष्ट रूप से संसद को यह अधिकार देता है कि वह चुनावों के आयोजन के तरीके को तय कर सकती है। यह किसी भी राज्य सरकार की शक्तियों को कम करने का प्रयास नहीं है।

घर में घुसकर शिक्षिका की गोली मारकर हत्या

SAMASTIPUR : बिहार में अपराधी इतने बेखौफ हो गए हैं कि घर में घुसकर हत्या करने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला समस्तीपुर से सामने आया है। जहां एक शिक्षिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। मृत शिक्षिका की पहचान मनीषा शाह के रूप में हुई है। दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के खोकसाह वार्ड संख्या-4 में वारदात को अंजाम दिया गया है। जहां अहले सुबह 5 से 6 की संख्या में हथियारबंद बदमाशों ने एक महिला की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, मृत शिक्षिका मनीषा शाह का बीपीएससी टीआरई- 1 में बहाली हुई थी। वह सरायरंजन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनिका में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी।

रेलिंग तोड़ 50 फीट हवा में लटका वाहन विक्रमशिला नदी के पुल पर लगा जाम

AGENCY BHAGALPUR : भागलपुर के विक्रमशिला पुल पर एक अजीबोगरीब हादसा हो गया। ट्रक और हाईवा की भीषण हादसे हो गया। मंगलवार को विक्रमशिला पुल पर भोर में एक हाईवा हवा में लटक गया। गनीमत रही कि नदी में मिनी हाइवा नहीं गिरा। वहीं घटना के बाद से जाम लग गया। विक्रमशिला सेतु पर राहगीरों ने बताया कि भागलपुर की तरफ से जा रही गिट्टी लोड ट्रक व नवगछिया की तरफ से आ रही मिनी हाईवा में आमने-सामने टक्कर हो गई। ट्रक से टकराने के बाद मिनी हाईवा एक सो मीटर दूर जाकर रेलिंग से टकरा गया। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि पूरी तरीके से अनियंत्रित होकर हाईवा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मिनी हाईवा पुल से लटक

गया। विक्रमशिला सेतु पर राहगीरों ने बताया कि अहले सुबह 4 हादसा हुई है। ट्रक और हाईवा की जोरदार टक्कर में मिनी हाईवा का चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मौके पर ट्रक चालक फरार हो गया। बताया जा रहा कि भागलपुर का विक्रमशिला सेतु एक्सीडेंटल जोन के रूप में जाना जाता है। हर वर्ष यहां पर करीब 30 से अधिक एक्सीडेंटल केस देखने को मिलता है। इसकी वजह है पुल की चौड़ाई का कम होना। दो लेन का पुल होने से दो बड़ी वाहन के आवागमन में परेशानी बढ़ती है और इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है।

बिहार में महागठबंधन की होगी अगली सरकार : तेजस्वी यादव

AGENCY PATNA : पटना स्थित आरजेडी के प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने की। बैठक में 2020 के सभी जीते और हारे राजद उम्मीदवार, जिला अध्यक्ष और प्रधान महासचिव और जिलों के प्रभारी मौजूद रहे। इस मौके पर तेजस्वी ने कहा कि पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़ाने और आगामी बिहार चुनाव को लेकर चर्चा हुई। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि बिहार में अगली सरकार महागठबंधन की होगी।राजद की सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह मौजूद नहीं रहे। इस दौरान तेजस्वी ने कार्यकताओं को पार्टी के विस्तार को लेकर टिप्स दिए। राजद के सदस्यों की संख्या कैसे बढ़ाई जाए, इस पर मंथन हुआ। वहीं बिहार में अगली सरकार राष्ट्रीय जनता दल महागठबंधन की बनने का दावा किया। वहीं बाबा साहेब आंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह

के बयान की आलोचना करते हुए कहा, कि उन्हें माफी मांगना चाहिए, जो टिप्पणी उन्होने आंबेडकर के लिए की है, उसके लिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए, माफी मांगनी चाहिए। लेकिन भाजपा के लोगों को शर्म कहां है आपको बता दें बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तेजस्वी यादवा कार्यकर्ता संवाद यात्रा भी कर रहे हैं। जिसके दो चरण पूरे हो चुके हैं। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं से फीड बैक रहे हैं। हाल ही में तेजस्वी ने कई बड़ी घोषणा की हैं। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि अगर उनकी सरकार बनी तो माई बहिन मान योजना के तहत गरीब महिलाओं को 2500 रुपए दिए जाएंगे।

पंचायत भवन निर्माण को लेकर झड़प, एक की मौत

NAWADA : मंगलवार को नवादा में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई ।जबकि दो लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान 70 वर्षीय मो सज्जाद के रूप में की गई है। जिले में कौआकोल थाना क्षेत्र के करमाटांड़ गांव का ये पूरा मामला है। दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अभिनव धीमान मौके पर पहुंचे। उन्होंने खुद स्थिति का जायजा लिया। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद है। ताकि किसी तरह का विवाद फिर से शुरू ना हो। हालांकि दोनों पक्षों के बीच तनाव का माहौल कायम है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के नेतृत्व में छापेमारी की गई है, जिसमें 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पंचायत सरकार भवन बनाने को लेकर ये विवाद शुरू हुआ है। इसी विवाद में मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है।

दिल्ली में चार करोड़ का हीरा लूटकर बांका में छिपे थे अपराधी, दो अरेस्ट

AGENCY BANKA : दिल्ली में डकैती मामले में बड़ा खुलासा हुआ। डकैती का तार बिहार से जुड़ा था। दिल्ली और बिहार पुलिस ने मिलकर दो आरोपी को बांका से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कटोरिया थाना क्षेत्र के बलियमारा निवासी महेंद्र यादव और बेरमो गांव के गुड्डू ठाकुर के रूप में हुई है। दोनों को वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। दरअसल, डकैती की घटना 17 दिसंबर की है। दरअसल, दिल्ली के मॉडल थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 के विजय नागपाल के घर जो नौकर काम करता है। वह इसी दो आरोपियों का दोस्त है। नौकर को पहले पता था कि उसके मालिक के पास काफी धन संपत्ति है। आरोपियों ने नौकर दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने का प्लान बनाया। 17 सितंबर विजय नागपाल घर में नहीं थे। इसी दौरान दोनों आरोपी और नौकरों ने मिलकर महिलाओं को बंधक बना

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

लिया। चाकू का भय दिखाकर सोना-चांदी, हीरे और नकद रुपये लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बिहार का बांका जिला आ गया। यहीं छिपकर रह रहा था। पुलिस के मुताबिक लूटे गए चीजों में 4 करोड़ के करीब हीरा, सोना के आभूषण और करीब साढ़े तीन लाख रुपये नकद है। पुलिस ने लूट के सारे गहने और नकद रुपये बरामद कर ली है। इस सम्बंध में बेलहर एसडीपीओ राजकिशोर कुमार ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को कानूनी कार्रवाई के बाद दिल्ली ले जाया जा रहा है।

दरभंगा में दवा दुकानदार की हत्या से सनसनी

बिहार के दरभंगा जिले के मनीगाछी में एक दवा दुकानदार की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नारायणपुर गांव निवासी मनोज कुमार साहु (40) के रूप में हुई है। वह बीते नेहरा थाना इलाके के रागोपुर दक्षिणी पंचायत स्थित नैना गांव में दवा दुकान चलाता था। रोजाना की तरह वह सोमवार रात को दुकान से घर लौट रहा था। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने उसकी हत्या कर शव को रेलवे गुमटी के पास ईंट-भट्टे में फेंक दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पटना में छापेमारी करने गई एसआईटी पर हुआ हमला

PATNA : राजधानी पटना के मनेर में छापेमारी करने गई एसआईटी की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। सादिकपुर बगीचा गांव में छापेमारी के दौरान एसआईटी और गांव के कुछ लोगों के बीच झड़प हो गई। डीआईजी ने फायरिंग की बात से इनकार किया है। वहीं मनेर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार के मुताबिक छापेमारी में नौबतपुर की पुलिस व एसआईटी की टीम शामिल थी। पटना में एसआईटी टीम पर हमलाः बताया जाता है कि छापेमारी करने के लिए एसआईटी की टीम सादे लिबास में एक कार से पहुंची और सादिकपुर बगीचा में छापेमारी कर सारण के एक अपराधी को पकड़ा। इससे गांव वाले नाराज हो गए और छापेमारी करने पहुंची एसआईटी पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पकड़ा गया अपराधी फरार हो गया। इस बीच गांव में कई राउंड फायरिंग भी हुई है। हालांकि अब तक फायरिंग की पुष्टि नहीं की जा रही है। डीआईजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि पुलिस एक मामले के आरोपित को पकड़ने के लिए गई थी।

खुशखबरी : मार्च 2025 से शुरू होगा निर्माण कार्य, जाम की समस्या से मिलेगी मुक्ति

3900 करोड़ से बनेगा पटना-आरा-सासाराम फोरलेन

AGENCY PATNA : केंद्र सरकार ने पटना-आरा-सासाराम (4-लेन) हाईवे परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। इसका निर्माण मार्च 2025 से शुरू हो सकता है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में 3,900 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बताया जा रहा है कि इस हाईवे को केंद्र सरकार ने हाइब्रिड एन्युटी मोड में बनाने का फैसला लिया है। सड़क के निर्माण के बाद पटना, भोजपुर और रोहतास जिलों के बीच आवागमन आसान हो जाएगी। हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) का मतलब है, सड़क निर्माण और राजमार्ग परियोजनाओं के लिए एक ऐसा मॉडल जिसमें सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर

काम करते हैं। इस मॉडल में, सरकार परियोजना लागत का 40% हिस्सा देती है और बाकी 60% हिस्सा निजी क्षेत्र को उठाना होता है। इस मॉडल के तहत, सरकार पहले पांच सालों में परियोजना लागत का 40% हिस्सा पांच बराबर किस्तों में देती है। बाकी 60% हिस्सा, परियोजना के पूरा होने के बाद, निर्मित परिसंपत्तियों के मूल्य के आधार पर दिया जाता है। इस मॉडल में, परियोजनाओं के मुकदमेबाजी में फंसने, विलंब से पूरा होने, और लागत बढ़ने की आशंका कम रहती है। जानकारों के मुताबिक, यह हाईवे पटना से शुरू होकर आरा और सासाराम होते हुए ग्रैंड ट्रंक रोड से जुड़ेगा। इस परियोजना से पटना और आसपास के क्षेत्रों के बीच यात्रा समय में कमी आएगी और यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। यह हाईवे एक्सेस कंट्रोल टाइप का होगा, जिसका मतलब है कि गाड़ियों के चढ़ने और उतरने के लिए निर्धारित स्थान होंगे, जिससे ट्रैफिक सुगम रहेगा। इस पर अधिकतम गति 100 किमी प्रति घंटा होगी। इस हाईवे में एक महत्वपूर्ण हिस्सा आरा शहर के लिए रिंग रोड का भी होगा, जिससे शहर के ट्रैफिक को व्यवस्थित किया जा सकेगा।

मुजफ्फरपुर में आश्रय गृह बनकर तैयार सीएम करेंगे उद्घाटन

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड स्थित नरौली क्षेत्र में 30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित वृहद आश्रय गृह का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सीएम नीतीश कुमार 27 दिसंबर को अपनी प्रगति यात्रा के दौरान इसका उद्घाटन करेंगे। यह आश्रय गृह तिरहुत प्रमंडल के सभी जिलों के जरूरतमंद बच्चों को लाभ पहुंचाएगा। इस वृहद आश्रय गृह में बालक गृह और बालिका गृह दोनों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं हैं। यह सुविधा मुजफ्फरपुर ही नहीं, बल्कि तिरहुत प्रमंडल के अन्य जिलों के बच्चों को भी उपलब्ध होगी। आश्रय गृह में अधीक्षक और अन्य कर्मचारियों के लिए विशेष आवास की व्यवस्था की गई है।

हथियार व चोरी की बाइक के साथ दो बदमाश अरेस्ट

PATNA : बसमतिया थाना पुलिस ने आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के लिए निकले दो बदमाशों को चोरी की मोटरसाइकिल,एक देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस और दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार को मिली गुप्त सूचना पर बसमतिया थाना पुलिस ने यह कार्रवाई रात के एक बजे बेला स्थित मेन रोड पर की।जानकारी फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साहा ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता कर मंगलवार को दी। एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि रात्रि करीबन एक बजे बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर छापामारी बेला मेन रोड में छापेमारी की।

पुरुष शिक्षक को गर्भवती बता दे दी मैटरनिटी लीव

AGENCY HAZIPUR : बिहार में एक पुरुष शिक्षक को मैटरनिटी लीव यानी मातृत्व अवकाश देने का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। इस कारनामे की वजह से शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह रोचक मामला वैशाली जिले के महुआ प्रखंड का है। हसनपुर सरकारी हाई स्कूल में बीपीएससी से नियुक्त शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने दिसंबर महीने में 10 दिन की छुट्टी ली। शिक्षा विभाग के ई शिक्षा कोष पोर्टल पर जब छुट्टियां अपलोड हुईं तो उसमें मैटरनिटी लीव दिखने लगा। सरकारी रिकॉर्ड में शिक्षक जितेंद्र कुमार एक से 10 दिसंबर तक मातृत्व अवकाश पर रहे। जबकि, यह संभव नहीं है। मातृत्व

अवकाश सिर्फ महिला कार्मिकों और शिक्षिकाओं को ही मिलती हैं। गर्भवती होने के दौरान महिला कर्मी मैटरनिटी लीव ले सकती हैं। किसी भी विभाग में पुरुषों को मातृत्व अवकाश देय नहीं हैं। हालांकि, पिता बनने पर बच्चों की देखभाल के लिए उन्हें पैटरनिटी लीव यानी पैतृक अवकाश जरूर मिलता है। फिलहाल, बीपीएससी शिक्षक की मैटरनिटी लीव का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

मनु की रचना नहीं, उनकी स्मृति में लिखी गई कृति है 'मनुस्मृति'

